**A**

**CCE RF**
**REVISED SYLLABUS**

ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಲಿ,
ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು – 560 003

**KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD,**
**MALLESHWARAM, BENGALURU – 560 003**

ಮಾರ್ಚ್/ಏಪ್ರಿಲ್ 2025 ರ ಪರೀಕ್ಷೆ - 1

**MARCH/APRIL 2025 EXAMINATION - 1**

ಮಾದರಿ ಉತ್ತರಗಳು

**MODEL ANSWERS**

ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **60-H** Code No. : **60-H**

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ (NCERT)

# Subject : Third Language — HINDI (NCERT)

( ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ )

**( Regular Fresh )**

ದಿನಾಂಕ : 04. 04. 2025 ] [ ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80
Date : 04. 04. 2025 ] [ Max. Marks : 80

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| I. | **निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :** $8 \times 1 = 8$ | |
| 1. | 'नसीहत' शब्द का पर्यायवाची शब्द है –<br>(A) आदेश (B) उपदेश<br>(C) अनुभव (D) आदर<br>उत्तर : (B) उपदेश | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 2. | 'सभ्य' शब्द का विलोम शब्द है –<br>(A) असभ्य (B) सभ्यता<br>(C) मधुर (D) भय<br>**उत्तर :** (A) असभ्य | 1 |
| 3. | 'टुकड़े' शब्द का अन्य वचन रूप है –<br>(A) टुकड़ा (B) टुकड़े<br>(C) टुकड़ो (D) टुकड़ियाँ<br>**उत्तर :** (A) टुकड़ा | 1 |
| 4. | दूर हो जा गंदे कुत्ते !<br>वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –<br>(A) प्रश्नवाचक (B) पूर्ण विराम<br>(C) अर्ध विराम (D) विस्मयादि बोधक<br>**उत्तर :** (D) विस्मयादिबोधक | 1 |
| 5. | 'प्रत्येक' शब्द में संधि है –<br>(A) दीर्घ (B) गुण<br>(C) यण (D) अयादि<br>**उत्तर :** (B) गुण | 1 |
| 6. | सवार ......... कारतूस माँगे।<br>रिक्त स्थान के लिए उचित कारक चिह्न है –<br>(A) से (B) ने<br>(C) को (D) की<br>**उत्तर :** (B) ने | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 7. | 'राष्ट्रपति' शब्द में समास है –<br>(A) तत्पुरुष (B) द्विगु<br>(C) अव्ययीभाव (D) बहुव्रीहि<br>उत्तर : (A) तत्पुरुष | 1 |
| 8. | निम्न में 'इक' प्रत्यय युक्त शब्द है –<br>(A) चर्चित (B) साहसिक<br>(C) प्रत्येक (D) परीक्षा<br>उत्तर : (B) साहसिक | 1 |
| II. | **सही वाक्यांश को जोड़कर लिखिए : 4 × 1 = 4** | |
| | **अ** — **ब** | |
| 9. | बड़े भाई साहब — a) कंपनी बाग | |
| 10. | लेखक का मकान — b) रवींद्रनाथ ठाकुर | |
| 11. | अनामय — c) अध्ययनशील | |
| 12. | 1857 की तोप — d) कांतिहीन | |
| | e) ग्वालियर | |
| | f) सुलेमान | |
| | g) तरने की शक्ति | |
| | **उत्तर :** | |
| | c) अध्ययनशील | 1 |
| | e) ग्वालियर | 1 |
| | g) तरने की शक्ति | 1 |
| | a) कंपनी बाग | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| III. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : 4 × 1 = 4** | |
| 13. | 'तीसरी कसम' फ़िल्म को कौन–सा स्वर्ण पदक मिला ?<br>**उत्तर :** राष्ट्रपति स्वर्णपदक | 1 |
| 14. | चौरंगी पर सुभाष बाबू के जुलूस को पुलिस क्यों नहीं रोक सकी ?<br>**उत्तर :** भीड़ की अधिकता के कारण | 1 |
| 15. | श्रीकृष्ण ने द्रौपदी की लाज कैसे रखी ?<br>**उत्तर :** चीर बढ़ाकर | 1 |
| 16. | गुप्त जी के अनुसार कैसी मृत्यु को सुमृत्यु कहा गया है ?<br>**उत्तर :** दूसरों से याद की जानेवाली | 1 |
| IV. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए :** 8 × 2 = 16 | |
| 17. | विद्यार्थी संघ के मंत्री अविनाश बाबू से झंडा गाड़ने पर क्या प्रतिक्रिया हुई ?<br>उत्तर : * पुलिस ने उनको पकड़ा<br>* लोगों को मारा और हटा दिया | 2 |
| 18. | प्रकृति में आए असंतुलन का क्या परिणाम हुआ ?<br>**उत्तर :** * गरमी में ज्यादा गरमी<br>* बेवक्त की बरसातें<br>* जलजले<br>* सैलाब<br>* नित्य नए रोग | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 19. | सआदत अली को अवध के तख्त पर बिठाने के पीछे कर्नल का क्या मकसद था ?<br>**उत्तर :** * सआदत अली कर्नल का दोस्त था।<br>* ऐश पसंद आदमी था।<br>* उसने आधी दौलत कर्नल को दे दी। | 2 |
| 20. | शाल के वृक्ष भयभीत होकर धरती में क्यों धँस गए ?<br>**उत्तर :** * पहाड़ अचानक सफेद होने से डरकर<br>* झरने अचानक रूकने से<br>* आकाश टूट पड़ने के डर से | 2 |
| 21. | कंपनी बाग में रखी तोप पर बच्चे घुड़सवारी क्यों कर रहे थे ?<br>**उत्तर :** * तोप बेकार हो गयी थी<br>* बच्चों के लिए वह एक खिलौना था<br>* शक्तिशाली तोप अब निष्क्रिय हो गयी थी | 2 |
| 22. | 'आत्मत्राण' कविता में कवि क्या–क्या प्रार्थना कर रहे हैं ?<br>**उत्तर :** * विपदा में भय न पाने की<br>* दुख में सदा जय पाने की<br>* सहायक न मिलने पर भी पौरुष न हिलने की<br>* हानि उठानी पड़ी तो भी भय न मानने की<br>* त्राण में तरने की अनामय शक्ति<br>* निर्भय होकर भार वहन करने की<br>* सुख के दिन में भगवान का मुख पहचानने की<br>* भगवान पर संशय न करने की<br>(उपर्युक्त में से 02 या 03 अंश) | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 23. | हरिहर काका को जबरन उठा ले जानेवाले लोग कौन–कौन थे ?<br>**अथवा**<br>अनपढ़ होते हुए भी हरिहर काका दुनिया की बेहतर समझ कैसे रखते थे ?<br>**उत्तर :** * ठाकुरबारी के महंत और उनके साथी<br>* हरिहर काका के भाई लोग<br>**अथवा**<br>* हरिहर काका जानते थे कि उनकी जमीन के लिए उन्हें सम्मान मिल रहा था।<br>* ठाकुरबारी के महंत उनकी जमीन के लिए मान सम्मान दे रहे थे।<br>* उनके भाई भी जमीन हथियाने की कोशिश कर रहे थे।<br>* हरिहर काका अनपढ़ थे पर ये सारी बातें जानते थे।<br>(उपरोक्त में से 02 या 03 अंश) | 2 |
| 24. | हेड़ मास्टर शर्माजी ने पीटी साहब को क्यों मुअत्तल कर दिया ?<br>**अथवा**<br>इफ़्फ़न की दादी के देहांत के बाद टोपी को उसका घर खाली–सा क्यों लगने लगा ?<br>**उत्तर :** * पीटी साहब फ़ारसी सिखा रहे थे।<br>* उन्होंने एक बच्चे को सही उत्तर न देने पर मुर्गा बनाया।<br>* हेड़ मास्टर वहाँ से गुज़रते समय दंड देते हुए देखकर उन्हें मुअत्तल किया।<br>**अथवा** | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | * जैसे दादी इफ़्फ़न से बहुत प्यार करती थी।<br>* उसका ख्याल रखती थी और<br>* उसकी जरूरतों को पूरा करती थी।<br>* उसी तरह टोपी को भी स्नेह और प्यार की नज़र से देखती थी जो उसे आवश्यकता थी।<br>* दादी टोपी से उसी की भाषा में बात करती थी। | |
| V. क) | **निम्नलिखित के आशय**/भाव **स्पष्ट कीजिए :** $9 \times 3 = 27$ | |
| 25. | बुनियाद ही पुख्ता न हो, तो मकान कैसे पायेदार बने ?<br>**उत्तर :** * प्रस्तुत वाक्यांश को बड़े भाई साहब पाठ से लिया गया<br>* इस वाक्य का आशय है कि<br>* बड़े भाई साहब पढ़ाई की अच्छी बुनियाद डालना चाहते थे।<br>* वह जल्दबाजी में काम नहीं लेना चाहते थे।<br>* बड़े भाई साहब एक ही कक्षा में दो-तीन बार फेल होते हुए भी निरंतर प्रयत्न में लगे रहते।<br>* बड़े भाई का मानना था कि इम्तिहान पास कर लेना कोई चीज नहीं, बुद्धि का विकास महत्वपूर्ण है। | 3 |
| 26. | व्यथा आदमी को पराजित नहीं करती, उसे आगे बढ़ने का संदेश देती है।<br>**उत्तर :** * प्रस्तुत वाक्यांश को 'तीसरी कसम के शिल्पकार शैलेंद्र' पाठ से लिया गया है<br>* इस वाक्य का आशय है कि –<br>* शैलेंद्र के गीतों में जीवन का परिचय था। | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | * जीवन से जूझने के संकेत थे।<br>* गीतों में सिर्फ करुणा का भाव।<br>* तीसरी कसम की असफलता के बाद भी न हारने की जिद।<br>* नये रास्तों की खोज करके आगे बढ़ने की सोच। | 3 |
| 27. | खींच दो अपने खूँ से ज़मीं पर लकीर<br>इस तरफ़ आने पाए न रावण कोई<br>**उत्तर :** * प्रस्तुत काव्यांश को 'कर चले हम फ़िदा' पद्य से लिया गया है।<br>* भारत की धरती को सीता माता और सीमा को लक्ष्मण रेखा के रूप में बताया गया है।<br>* सीमा पर तैनात सैनिकों को लक्ष्मण के रूप में अपने खून से लकीर खींचकर धरती की रक्षा करने को कहा गया है।<br>* जिस प्रकार सीता का हरण करने पर रावण का वध किया गया, सीमा पार करके आनेवाले शत्रु (रावण) का वध होना चाहिए।<br>* खून की लकीर यानी मर मिटकर भी भारत की रक्षा करना।<br>* प्रयुक्त रस–वीर रस। | 3 |
| **ख)**<br>28. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :**<br>''सत्य केवल वर्तमान है, उसी में जीना चाहिए।'' इस बात को लेखक रवींद्र केलेकर के अनुसार स्पष्ट किजिए। | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **उत्तर :** * अक्सर हम बीती यादों में रहते हैं।<br>* भविष्य के रंगीन सपने देखते हैं।<br>* दोनों मिथ्या हैं, वर्तमान ही सत्य है।<br>* भूतकाल चला गया, भविष्य आया नहीं।<br>* हम वर्तमान में जीते हैं।<br>* वर्तमान का हर क्षण अनंत काल जितना विस्तृत है। | 3 |
| 29. | वज़ीर अली कर्नल से कारतूस हासिल करने की सन्निवेश का विवरण दीजिए।<br>**उत्तर :** * सवार का कर्नल से निडर मिलने आना<br>* कर्नल के साथ अकेले में बात करने की गुजारिश<br>* कर्नल से वज़ीर अली को मारने का कारण पूछना<br>* वज़ीर अली को गिरफ़्तार करने के लिए कारतूस माँगना।<br>* कर्नल सवार को कारतूस देना।<br>* सवार ही वज़ीर अली है यह जानकर कर्नल का हक्का बक्का होना। | 3 |
| 30. | पावस ऋतु से प्रकृति में होनेवाले परिवर्तनों का वर्णन कीजिए।<br>**उत्तर :** * प्रकृति का रूप परिवर्तित होता है।<br>* पर्वत मेखलाकार दिखता है।<br>* पर्वत के नीचे का पानी आईने जैसा दिखता है।<br>* झरने झर-झर झरते हैं।<br>* झरने के झाग मोतियों से दिखते हैं। | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | * वृक्ष ऊँचे बढ़ते हैं।<br>* आकाश धरती पर टूट पड़ने की तरह भास होता है।<br>* शाल के वृक्ष डरकर ज़मीन में धँस जाते हैं।<br>* धुआँ उठने पर कुछ भी दिखाई नहीं देता प्रकृति में इंद्रजाल जैसा महसूस होता है।<br>(उपर्युक्त में कोई 04 या 05 अंश) | |
| 31. | व्यक्ति को किस प्रकार का जीवन व्यतित करना चाहिए ? 'मनुष्यता' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।<br>**उत्तर :** * व्यक्ति को मृत्यु से नहीं डरना चाहिए।<br>* मरने के बाद भी याद करने की तरह काम करना।<br>* मनुष्य को पशुओं के जैसे नहीं जीना चाहिए।<br>* मनुष्य को उदार होना चाहिए।<br>* कर्ण, रंतिदेव, उशीनर के राजा जैसे दानी होना चाहिए।<br>* सहानुभूति हो, परोपकारी हो | 3 |
| 32. | **निम्नलिखित कवितांश का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :**<br>हरि आप हरो जन री भीर।<br>द्रोपदी री लाज राखी, आप बढ़ायो चीर।<br>भगत कारण रूप नरहरि, धर्‌यो आप सरीर।<br>बूढ़तो गजराज राख्यो, काटी कुण्जर पीर।<br>दासी मीराँ लाल गिरधर, हरो म्हारी भीर।।<br>**उत्तर :** * प्रस्तुत कवितांश को मीरा के 'पद' से लिया गया है। | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | * मीरा भगवान श्रीकृष्ण को लोगों के कष्ट दूर करने का निवेदन करती है।<br>* जैसे चीर बढ़ाकर द्रौपदी की लाज राखी।<br>* जैसे भक्त के लिए नरहरि का रूप धारण किया (प्रह्लाद की रक्षा के लिए)<br>* जैसे डूबते हाथी (गजराज) को बचाया।<br>* उसी प्रकार मैं (मीरा) तुम्हारी दासी हूँ मेरी भी पीड़ा तुम (भगवान) दूर करो, मिटा दो।<br>* भक्ति रस। | |
| 33. | **गद्यांश का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए :**<br>मैथिलीशरण गुप्त जी का जन्म 1886 में हुआ। वे रामभक्त कवि थे। उन्हें राष्ट्रकवि कहा जाता है।<br>**उत्तर :** ಕನ್ನಡ : ಮೈಥಿಲಿಶರಣ ಗುಪ್ತರವರ ಜನನ 1886 ರಲ್ಲಿ ಆಯಿತು. ಅವರು ರಾಮಭಕ್ತ ಕವಿ ಆಗಿದ್ದರು. ಅವರನ್ನು ರಾಷ್ಟ್ರಕವಿ ಎಂದು ಕರೆಯಲಾಗುತ್ತದೆ.<br>English : Maithilisharan Gupt was born in 1886. He was Rama devotee poet. He is known as Rashtrakavi. | 3 |
| VI. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए :**<br>2 × 4 = 8 | |
| 34. | रूढ़ियाँ जब बंधन बन बोझ बनने लगें तब उनका टूट जाना ही अच्छा है। क्यों ? स्पष्ट कीजिए।<br>**अथवा** | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | वामीरो से मिलने के बाद ततााँरा के जीवन में आए परिवर्तनों का विवरण कीजिए। | |
| | **उत्तर :** * प्रस्तुत वाक्यांश 'ततााँरा–वामीरो कथा' पाठ से लिया गया है | |
| | * प्रस्तुत पंक्ति वामीरो के गाँव की प्रथा से संबंधित। | |
| | * वामीरो के गाँव लपाती में दूसरे गाँव के व्यक्ति से शादी न करने की प्रथा थी। ततााँरा दूसरे गाँव का था। | |
| | * जब रूढ़ी/परंपरा त्रासद हो तो वह बोझ बनती है। | |
| | * मानसिक स्थैर्य कमज़ोर पड़ता है। | |
| | * ऐसी रूढ़ियाँ बंधन लगने लगती हैं। | |
| | * सामाजिक प्रथाओं के बंधन से इंसान टूट जाता है। | |
| | * ततााँरा और वामीरो का अमर प्रेम गाँव की रूढ़ियों के बंधन से बाधित होने के प्रसंग का चित्रण करने में इन पंक्तियों का उल्लेख हुआ है। | 4 |
| | **अथवा** | |
| | * ततााँरा के जीवन में नयी उमंग आयी। | |
| | * वह रोज़ उसका (वामीरो का) बेसबरी से इंतज़ार करने लगा। | |
| | * समुद्र की चट्टान पर वामीरो की प्रतीक्षा करने लगा। | |
| | * उससे मन में प्रेमभाव उत्पन्न हुए। | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | * वह अचंभित और रोमांचित था।<br>* नारियल के झुरमुटों में वामीरो का रास्ता ताकता रहता।<br>* गाँववालों के काम छोड़कर वामीरो की प्रतीक्षा में रहने लगा।<br>* शांत और गंभीर मन विचलित हुआ। | |
| 35. | **निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :**<br>निंदक ....................., ...........................<br>.............................., ................... सुभाइ।।<br>**उत्तर :** निंदक नेड़ा राखिये, आँगणि कुटी बँधाइ।<br>बिन साबण पाँणी बिना, निरमल करै सुभाइ।। | 4 |
| VII. 36. | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** $1 \times 4 = 4$<br>निंदा एक सामान्य और प्रचलित संगति है। निंदा का उद्गम हीनता और कमजोरी से होता है। मनुष्य अपनी हीनता से दबता है। वह दूसरों की निंदा करके ऐसा अनुभव करता है कि सब निकृष्ट हैं और वह उनसे अच्छा है।<br>निंदा कुछ लोगों की पूँजी होती है। वे इस पूँजी से लंबा-चौड़ा व्यापार फ़ैलाते हैं। कई लोगों की प्रतिष्ठा ही दूसरों की कलंक-कथाओं का पारायण पर आधारित होती है। बड़े रसविभोर होकर वे जिस-तिस की | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | सत्य-कल्पित कलंक-कथा सुनाते हैं और स्वयं को पूर्ण संत समझने-समझाने की तुष्टि का अनुभव करते हैं।<br>**प्रश्न :**<br>अ) निंदा का उद्गम कैसे होता है ?<br>आ) लोगों की पूँजी क्या है ?<br>इ) लोग सत्य-कल्पित कलंक कथा कैसे सुनाते हैं ?<br>ई) लोग किस तरह की तुष्टि का अनुभव करते हैं ? | |
| | **उत्तर :** अ) हीनता और कमज़ोरी से | 1 |
| | **उत्तर :** आ) निंदा | 1 |
| | **उत्तर :** इ) रसविभोर होकर | 1 |
| | **उत्तर :** ई) स्वयं को पूर्ण संत समझने-समझाने की | 1 |
| VIII. 37. | **दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12 - 15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** 1 × 4 = 4<br>क) पर्यावरण रक्षा<br>* प्रस्तावना<br>* रक्षा का महत्व<br>* रक्षा के उपाय<br>* उपसंहार | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | ख) मेरा प्रिय खेल<br>✳ प्रस्तावना<br>✳ विषय विस्तार<br>✳ उपसंहार<br>ग) कंप्यूटर<br>✳ प्रस्तावना<br>✳ महत्व<br>✳ फायदे<br>✳ उपसंहार<br>**उत्तर :** ✳ प्रस्तावना 1<br>✳ विषय विस्तार 2<br>✳ उपसंहार 1 | 4 |
| IX. | **निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** 1 × 5 = 5<br>आप के गाँव में आयोजित दीपोत्सव में भाग लेने के लिए 4 दिनों की छुट्टी माँगते हुए प्रधान अध्यापक को पत्र लिखिए।<br>**अथवा**<br>आप के परीक्षा की तैयारियों के बारे में बताते हुए बड़े भाई को पत्र लिखिए। | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 38. | **उत्तर :** व्यावहारिक पत्र :<br>✳ प्रेषक का पता और दिनांक $\frac{1}{2}$<br>✳ पत्र पानेवाले का पता $\frac{1}{2}$<br>✳ संबोधन $\frac{1}{2}$<br>✳ विषय $\frac{1}{2}$<br>✳ पत्र का कलेवर / विवरण $2\frac{1}{2}$<br>✳ समाप्ति $\frac{1}{2}$<br>**अथवा**<br>पारिवारिक पत्र :<br>✳ प्रेषक का नाम एवं पता $\frac{1}{2}$<br>✳ संबोधन एवं अभिवादन 1<br>✳ पत्र का कलेवर / विवरण $2\frac{1}{2}$<br>✳ समाप्ति $\frac{1}{2}$<br>✳ पत्र पानेवाले का नाम/पता $\frac{1}{2}$ | 5 |